प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

दो–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

पन्तनगर। 23 जुलाई 2024। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित पशुचिकित्सा एवं पशु महाविद्यालय द्वारा संचालित परियोजना के अन्तर्गत दो–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जुलाई 22–23, 2024 को रामनगर ब्लाक के सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सांसद प्रतिनिधि श्री इन्दरजीत सिंह, ब्लाक प्रमुख श्रीमती रेखा रावत, खण्ड विकाश अधिकारी श्री ध्यान सिंह नेगी एवं सहायक विकास खण्ड अधिकारी श्री तनवीर असगर उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं उनकी टीम को प्रशिक्षण सम्पन्न कराने हेतु सराहना की।

कार्यक्रम के समापन पर 40 अनुसूचित वर्ग की महिलाओं को 30–30 चूजे, 5 किग्रा मुर्गी दाना, पानी व दाने के बर्तन, खनिज लवण मिश्रण एवं अन्य दवायें वितरित की गयी। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिष्ठाता पशुचिकित्सा डा. एस.पी. सिंह, डा. शिव प्रसाद, डा. आर.के. शर्मा, डा. वी.सी. मण्डल, डा रिपूसूदन, डा. राजीव रंजन एवं डा. बलवान सिंह ने व्याख्यान दिये।

1. कार्यक्रम में महिलाओं को चूजे वितरित करते अधिष्ठाता पशुचिककित्सा डा. एस.पी. सिंह एवं अन्य।

निदेशक संचार